भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4298

29 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: चंदन के पेड़ उगाने का प्रस्ताव

4298. श्री एम.सेल्वराज:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार किसानों को अपने खेतों में चंदन के पेड़ उगाने को प्रोत्साहित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार के पास तमिलनाडु सहित देश में चंदन उगाने के लिए वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले भू-क्षेत्रफल का कोई अनुमान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) एवं (ख): वर्तमान में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त करने में सहायता करने तथा उनकी कृषि प्रणालियों को अधिक जलवायु लचीला और अनुकूल बनाने के लिए फसलों/फसलन प्रणाली के साथ-साथ कृषि भूमि पर पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तमिलनाडु राज्य सरकार सहित 23 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में कृषि वानिकी उप-मिशन (एसएमएएफ) योजना का कार्यान्वयन कर रहा है। कृषि फसलों के साथ-साथ कृषि भूमि पर पौध रोपण के लिए **चंदन** सहित बहुउद्देशीय वृक्ष प्रजातियों को बढ़ावा दिया जाता है। इस योजना के तहत नर्सरी विकास, सीमा रोपण और प्रमुख वृक्ष प्रजातियों के ब्लॉक रोपण के लिए राज्य सरकारों के माध्यम से किसानों को सहायता दी जाती है।

(ग): सरकार ने चन्दन की खेती के क्षेत्रफल का कोई आकलन नहीं किया है। तथापि, तमिलनाडु सरकार ने सुचीत कीया है की, कृषि भूमि पर तमिलनाडु सतत ग्रीन कवर मिशन (टीएनएमएसजीसीएफ) और एसएमएएफ के तहत 302.5 एकड़ क्षेत्र में चंदन के पौधे लगाए जाते हैं।

****